DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times ---------------- DATED THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI THURSDAY, JUNE 2, 2022

# Green nod to Dwarka drain, will ease flooding at airport

Jasjeev Gandhiok & Risha Chitlangia
htreporters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** There may be an end in sight for the waterlogging problems at the Indira Gandhi International Airport (IGIA) as the Delhi Development Authority (DDA)'s stormwater drain project has been given the green signal by the state forest and wildlife department, almost two years after it was sought.

The drain, aimed at removing water from the airport area, will be built through Dwarka's Sector 8, DDA officials said. The forest department clearance, which came on May 17 and was put in the public domain recently, was crucial as an estimated 693 trees will be impacted by the project. Of these, 637 trees will be transplanted and 56 will be felled, the permission document given to DDA showed. The drain is expected to be completed sometime next year, officials said.

The 3km long drain will run from the airport up to Bharat Vandana Park and further to Trunk Drain 2. A sizeable portion of the drain, which will be completely underground, will pass through a waterbody and a park in Dwarka Sector 8, DDA officials said.

DDA will have to deposit ₹3.95 crore with the forest and wildlife department as the cost for felling 56 trees, and also bear the cost of planting 6,930 saplings, in accordance with the compensatory plantation rules.

Senior DDA officials said the construction work was awarded just before the onset of the Covid-19 pandemic in March 2020, and was awaiting the requisite permissions from the forest department.

"We have to now deposit nearly ₹4 crore for the transplantation process. It will take a few months before the work starts," said a senior DDA official, asking not to be named.

Forest officials denied delaying permissions.

A senior forest department official from the west division said DDA had to be prompted multiple times to submit all documents required for awarding the permission, and only then could the site inspection take place.

"The document details are already on the website, but still several documents are missing and DDA had to be repeatedly told to share them with us," the official said, asking not to be named.

Last year, monsoon rain wreaked havoc on the Delhi airport, with heavy waterlogging being reported outside Terminal-3, and airside.

To solve the problem, a series of meetings were held by the airport operator DIAL, with DDA awarding appointing IIT-Roorkee as a consultant in 2015. A drain alignment was finalised, and in 2019, DDA received funds from the ministry of urban development to ahead with the project.

# Stormwater drain to provide solution for flooding at IGI

Priyangi.Agarwal
@timesgroup.com

**New Delhi:** Delhi government's forest department has given permission to Delhi Development Authority (DDA) to transplant 637 trees and fell 56 for construction of a storm water drain in Sector 8, Dwarka, to cater to the discharge from IGI Airport. This will prevent accumulation of water and help solve waterlogging problems during monsoons. However, the drain will not be ready this monsoon.

Spread over 5,000 acres, the airport is divided into northern and southern air parcels. Northern Air Parcel, spread over 2,500 acres, includes Terminal-1, Terminal-2 and air cargo operations, while Southern Air Parcel includes Terminal-3 operations.

In the north, DDA's artillery drainage network outside the airport was found inadequate to take storm water during monsoon, so it was decided to construct another drain outside the boundary. Airport sources said DDA received fund approvals from Union ministry of urban development for the construction in 2019. Later, it applied for approval from the forest department for cutting down trees on the stretch.

"As we have received permission from the forest department, it will take 12 to 15 months to construct this drain. The new drain will be around 2.5km long and will reach the airport boundary. The water from this new drain will be discharged into the existing one, which is connected to Najafgarh drain," said a DDA official.

**A DDA OFFICIAL SAYS**

**As we have received permission from the forest department, it will take 12 to 15 months to construct this drain**

Airport sources said during monsoon, rainwater from Mahipalpur junction and NHAI flows into the northern access underpass, causing waterlogging in the area. The water also enters the airport's northern side and accumulates at the western end near the main runway funnel. However, the construction of the new drain would help prevent accumulation of water. The images of a waterlogged airport were shared widely on social media last year during monsoon.

For the project, 693 trees would be affected. The forest department has directed DDA to transplant 637 trees and fell 56. The authority has also been asked to do compensatory plantation of 6,930 trees and submit an advance deposit of Rs 3.95 crore for creation and maintenance of compensatory plantation for a period of seven years.

"The permission was given to DDA after an inspection of the site to assess the number of trees that would be affected and availability of land for compensatory plantation and transplantation of trees," said a forest official.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI THURSDAY, JUNE 2, 2022 —DATED—

# No Time To Waste, Flattening Landfills A Mountain To Climb

## 3 THINGS MCD LACKS: Space To Dispose Of Inert, Funds, Alternative Sites

Vibha.Sharma@timesgroup.com

**New Delhi:** While preparing a fresh action plan to raze the garbage mountains at Ghazipur, Bhalswa and Okhla landfills, the Municipal Corporation of Delhi (MCD) will have to keep in mind certain challenges that need to be addressed to achieve time-bound results.

Even if MCD makes arrangements to process approximately 280 lakh tonnes of legacy waste lying at the three landfills in the next one-two years, it doesn't have sufficient space to dump inert materials generated out of this waste. Inert constitutes 60% of the legacy waste and organisations like National Highway Authority of India (NHAI) can utilise maximum 30-35 lakh tonne in a year in road projects, said officials.

"NHAI has asked us to send inert for ongoing projects, including Urban Extension Road, Palwal-Faridabad Expressway, Delhi-Dehradun Expressway, but where will the rest go," said an official, adding that MCD is requesting Delhi Development Authority (DDA) to allow dumping at more low-lying sites. "The cost of transporting is another challenge."

The 2021-22 Economic Survey of Delhi reveals that the city generates more than 11,119 metric tonnes of garbage every day. The three waste-to-energy (WTE) plants at Ghazipur, Okhla and Bawana can consume 4,200-4,500 tonne and a portion goes to the composting plants. With no alternative site, the rest — around 6,400 tonne — is dumped at the already saturated landfills.

Chitra Mukherjee, an expert on circular economy and sustainable livelihood, wondered that even if bio-mining of legacy waste, which had already missed a deadline, could be completed in two years, how MCD would flatten the landfills with the fresh waste coming every day.

"It is important to find a long-term solution and learn from successful examples within the country such as Mysuru and Allapuzha. Unless people are fined for not segregating waste, the landfill burden can't be reduced," Mukherjee said, emphasising on the need for decentralised processing systems, largely absent in Delhi. "Specifics of how MCD will involve NGOs, waste-pickers, RWAs, citizens also need to be detailed out," she pointed out.

On April 26, even after the Bhalswa fire, the erstwhile north corporation had no option but to dump waste on the other side of the landfill. Even if the three corporations had managed to process and bio-mined over 42 lakh tonne legacy waste after National Green Tribunal's 2019 direction, almost the same amount of fresh waste have been added to the landfills.

In east Delhi, the amount of waste at Ghazipur is nearly double of the same at the other two landfills. For many years, the erstwhile east corporation had tried to get an alternative site from DDA to divert fresh waste or set up an engineered landfill, but the finalised site at Gonda Gujran could not eventually be transferred, an official had said.

The WTE plant at Ghazipur, non-operational for over six months, has only added to the mess. "It was supposed to be ready by May, but during the new lieutenant governor's visit, the concessionaire assured to make it operational by mid-June," said a civic official.

The erstwhile east corporation finalised a project last year for appointing a concessionaire who would handle 50 lakh tonne waste in two-three years. With the merger of the three civic bodies, the project will now need a fresh approval from the Centre-appointed special officer.

Thousands of tonnes of refuse derived fuel (RDF) at the landfills, after processing legacy waste, also have no takers. "This has low calorific value and can't be used much at the existing WTE plants as they get sufficient RDF from fresh waste. For Ghazipur, we pursued cement kiln associations for lifting RDF; we will need to call a tender," said a civic official.

### PLENTY OF GROUND TO COVER

**Number of trommel machines installed**

| Landfill | Machines |
|---|---|
| Bhalswa* | 52 |
| Okhla | 25 |
| Ghazipur | 8 |

*300 tonnes waste per day


**Legacy waste processed***

| Corporation | Processed |
|---|---|
| South corpn | 8,000-8,500 TPD |
| North corpn | 6,000 TPD |
| East corpn | 3,500-4000 TPD |

*Before reunification



File photo




**Waste at landfill**

1. Bhalswa
**60 lakh legacy**
(Plus fresh waste dumped at site; it will reach 30 lakh tonnes by year end)
2. Okhla
**35 lakh tonnes**
(Plus fresh 30 lakh tonnes)
3. Ghazipur
**140 lakh tonnes**

**Waste processed so far** (In tonnes)

| Landfill | Processed |
|---|---|
| Bhalswa | Over 20 lakh |
| Okhla | Over 12.5 lakh |
| Ghazipur | 9.5 lakh |

### DEADLINE FOR FLATTENING LANDFILL

| Bhalswa | Okhla | Ghazipur |
|---|---|---|
| **July 2023** | **Dec 2023** | **Dec 2024** |

- Even if MCD arranges to process 280 lakh tonnes of legacy waste in next 2 years, availability of space to dump inert will be an issue
- The inert constitutes 60% of total legacy waste
- Agencies like NHAI can take a maximum of 30-35 lakh tonnes in a year for road construction projects
- The corporation has asked DDA to provide more space for dumping inert
- No alternative land available for dumping fresh waste
- 55% of fresh waste generated every day is still dumped at saturated landfills
- Dumping of refuse-derived fuel (constitutes 10-15% of legacy waste and has low calorific value) is another challenge as there are no cement kilns in Delhi-NCR
- Four C&D processing plants have capacity for consuming 5,000 tonnes of waste on a daily basis
- Non-availability of funds
- WTE plant at Ghazipur under repair for six months; 2,200 tonnes of fresh waste dumped at landfill daily
- North corporation's plan for setting up second WTE plant at Bawana shelved

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ दैनिक जागरण नई दिल्ली, 2 जून, 2022 ---------------DATED---------------------

# अब नए एलजी के साथ दिल्ली सरकार की रार

## विनय कुमार सक्सेना के जल बोर्ड की बैठक लेने पर बढ़ी तनातनी

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच एक बार फिर रार शुरू हो गई है। नए उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना द्वारा जल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक बुलाने और निर्देश देने पर आप नेता और विधायक आतिशी ने सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने कहा कि एलजी दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश न करें। साथ ही उन्होंने यह भी याद दिलाया कि एलजी के पास सिर्फ भूमि, कानून व्यवस्था और पुलिस है जबकि पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और राजस्व दिल्ली सरकार के पास हैं।



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ●



आप विधायक आतिशी ●

- उपराज्यपाल ने जल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक बुलाई तो आप नेता आतिशी ने उठाए सवाल
- कहा, दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश न करें उपराज्यपाल
- एलजी के पास सिर्फ भूमि, कानून व्यवस्था और पुलिस, इनके सुधार में काम करने की गुजारिश

बुधवार को पार्टी मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता के दौरान आतिशी ने कहा, 'सोमवार को एलजी ने दिल्ली जल बोर्ड के अफसरों की बैठक बुलाई और अलग-अलग मुद्दों पर उनको आदेश-निर्देश दिए। मैं बताना चाहूंगी कि दिल्ली में एक संवैधानिक व्यवस्था है। उसके तहत एलजी, जो केंद्र सरकार के नुमाइंदे होते हैं, उनको संविधान ने स्पष्ट तौर से तीन जिम्मेदारियां दी हैं। उनकी जिम्मेदारी जमीन, कानून-व्यवस्था और पुलिस है। यह स्पष्ट तौर से देश के संविधान में लिखा हुआ है और इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने भी मुहर लगाई हुई है'। नया कानून पास होने के बाद नगर निगम भी अभी सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में है।

आतिशी ने कहा कि जो मुद्दे दिल्ली की चुनी हुई सरकार के अंतर्गत आते हैं, उन मुद्दों या उनके विभागों को एलजी बैठक के लिए बुलाकर आदेश-निर्देश देते हैं, तो दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। अगर दिल्ली में संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ा जाता है, कोई फेरबदल किया जाता है, तो पूरी दिल्ली में सरकार चलनी बंद हो जाएगी और इसका नुकसान सिर्फ दिल्ली के निवासियों को होगा।

आतिशी ने एलजी से विनम्र अपील करते हुए कहा कि संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश न करें। एलजी कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को सुधारें। साफ-सफाई और कूड़े के पहाड़ों को सुधारें। ये भी बहुत बड़ी समस्याएं हैं। इन समस्याओं से भी दिल्लीवासी बेहद परेशान हैं। यह सब कुछ उनके अधिकार क्षेत्र में है, तो कृपया उन्हीं पर ध्यान दें।

वहीं, इस संबंध में राजनिवास से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन पक्ष उपलब्ध नहीं हो सका।

## संवैधानिक शक्तियों के विभाजन में हस्तक्षेप न करने की अपील

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : केजरीवाल सरकार और राजनिवास के बीच शुरू हुई रार के बीच आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे संवैधानिक शक्तियों के विभाजन में हस्तक्षेप न करने की अपील की। आप के वरिष्ठ नेता और विधायक दिलीप पांडेय ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में मंगोलपुरी से विधायक राखी बिड़लान, रिठाला विधायक महेंद्र गोयल सहित 10 विधायक शामिल थे। इस दौरान दिल्ली के हक और जनता के हित को लेकर कई बातें हुईं। विधायकों ने दिल्ली की जनता का पक्ष उनके सामने रखा। एलजी को बताया गया कि दिल्ली में 70 विधानसभा हैं। किसी में भी चले जाइए,

**विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से की मुलाकात, जनता के हित में हुई बात**

एमसीडी की गलियां-सड़कें गड्ढों से भरी हैं। सड़कों और गलियों में जगह-जगह कूड़ा पड़ा है। दिल्ली की जनता आपसे अपेक्षा करती है कि सड़कों को दुरुस्त और साफ करवाने की दिशा में आदेश पारित करें, ताकि दिल्ली को सुंदर देखने का सपना पूरा हो सके। कानून व्यवस्था की हालत खराब है। कोई भी गली ऐसी नहीं होगी जहां अपराध की छोटी-बड़ी घटनाएं न हो रही हों। डीडीए भ्रष्टाचार की वजह से अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में फेल रहा है। पांडेय ने कहा कि एलजी ने हमें सुधार लाने का आश्वासन दिया।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 2 जून 2022 ---------------------DATED---------------------

# संवैधानिक व्यवस्थाओं को बिगाड़ने की कोशिश न करें उपराज्यपाल : आप

## बीजेपी ने किया पलटवार, कहा- एलजी को परमिशन लेने की आवश्यकता नहीं

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली



**दिल्ली के** उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आम आदमी पार्टी ने बुधवार को पहला हमला बोल दिया। आप की नेता आतिशी ने एलजी पर दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्थाओं को बिगाड़ने की कोशिश करने और अपने दायरे से बाहर जाकर दिल्ली सरकार के कार्य क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया और उन्हें दिल्ली की कानून व्यवस्था और एमसीडी के कामकाज को सुधारने की नसीहत दी। जवाब में एलजी ने तो कुछ नहीं कहा, लेकिन बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि दिल्ली के उप-राज्यपाल दिल्ली की किसी भी समस्या के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर उसके समाधान के लिए हस्तक्षेप कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी की परमिशन लेने की आवश्यकता नहीं है।

बुधवार को पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आतिशी ने नवनियुक्त उपराज्यपाल से अपील करते हुए कहा कि वह दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ने की न कोशिश करें। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल और राजस्व दिल्ली सरकार के अंतर्गत आते हैं, इसलिए इन्हें दिल्ली सरकार को चलाने दें। आतिशी ने कहा कि अगर दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले विभागों को आप कुछ आदेश देंगे और फिर दिल्ली सरकार कुछ और आदेश देगी, तो अफसर किसके आदेश का पालन करेगा?

दरअसल, नए एलजी ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड के अफसरों की एक मीटिंग बुलाई थी और अलग-अलग मुद्दों पर उन्हें कुछ जरूरी निर्देश दिए थे। उसी को दिल्ली सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप मानते हुए आतिशी ने एलजी पर निशाना साधा।

### आप विधायकों ने भी जताया अपना विरोध

आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडे ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पार्टी के आठ-दस विधायक आज एलजी से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देने गए थे। हमने दिल्ली से जुड़े कई मुद्दों पर उनसे बात की और उनसे कहा कि सुप्रीम कोर्ट और संविधान ने एक दायरा तय किया हुआ है। आपको और हमें उसी दायरे के अंदर रहकर अपना काम करना चाहिए।

पांडे ने कहा कि हमें अखबारों के जरिए जानकारी मिली थी कि एलजी जल बोर्ड की बैठकें ले रहे हैं। हमने उनसे कहा कि आपको चुनी हुई सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। अगर हम दिल्ली पुलिस या डीडीए के अधिकारियों की बैठकें बुलाने लगें, तो क्या यह ठीक होगा? पांडे का दावा है कि एलजी ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि वह हमारे द्वारा दिए गए इनपुट को ध्यान में रखकर आगे काम करेंगे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NEW DELHI | THURSDAY, 2 JUNE, 2022

N DATED

NDMC TO FIND WAYS TO REPLANT AND REUTILIZE THEM AS WELL

# MCD planning to use uprooted trees, branches in crematoriums

SATVIKA MAHAJAN



**NEW DELHI:** The efforts to clear uprooted trees and fallen branches continued in Lutyens' Delhi on Wednesday. Delhi lost over 290 trees, some of them decades-old, during Monday's fierce thunderstorm, prompting the civic agencies to launch special drives to clear the city roads.

MCD, NDMC and DDA swung to action immediately to clear any blocked roads and clean the areas under their jurisdiction. However, fallen branches and debris remain on roads even two days after the thunderstorm indicating the onset of monsoon in the Capital. As per official reports, over 700 trees, branches, etc were uprooted in Delhi. Officials from the civic bodies claim that workers have been on ground since the storm ended and are doing their best to clear any leftover debris.

MCD officials said that the collected timber will be used in the crematoriums run by the corporation. Timber will be made available to other private crematoriums as well through an e-auction process set up by the MCD. The civic body received a total of 155 complaints of trees falling between 9 pm on Monday to 3pm on Tuesday.

NDMC officials have not clarified how they plan to use the fallen branches and trees, but they are likely to follow MCDs footsteps and utilize the material for crematoriums run by them. As per their reports, 77 trees fell in the Lutyens Delhi area.

NDMC Chairman Bhupinder Singh Bhalla, along with NDMC member Kuljeet Singh Chahal visited the affected areas shortly after the downpour. Chahal recommended that a compensatory tree plantation drive be made to recuperate the green assets of the area. His suggestions included planting 10 trees in compensation for each damaged tree. Along with this, recommendation to constitute a Quick Response Team to study the causes of uprooting of the tree and a coordination group that can be dispatched immediately after any such ecological event.

Officials from the MCD and NDMC have stated that any leftover debris will be cleaned within the week and they are working on ensuring that their teams are ready to handle any such future incidents.

अमर उजाला

# छंटाई से पेड़ों को मिल सकती है संजीवनी

## पर्यावरण विशेषज्ञों ने जताई चिंता, बोले-कार्यशैली में बदलाव जरूरी

किशन कुमार



**नई दिल्ली।** एक घने पेड़ को बचाने के लिए वैज्ञानिक तरीके से छटाई बहुत जरूरी है। वृक्ष ऊपर से जितना घना होगा, उतना ही आंधी-तूफान के संपर्क में आने पर गिरने की आशंका ज्यादा होती है।

दिल्ली में सोमवार को आई आंधी में 1300 से ज्यादा पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। भविष्य में इन प्राकृतिक घटनाओं से वृक्षों को बचाने के लिए पर्यावरण विशेषज्ञ बताते हैं, वैज्ञानिक तरीके से छटाई, पेड़ों के आस-पास के कंक्रीट हटाने व कीटनाशकों के छिड़काव से बड़े वृक्षों को बचाया जा सकता है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के जैव विविधता पार्क के प्रभारी व वरिष्ठ पर्यावरणविद् प्रो. सीआर बाबू कहते हैं, दिल्ली में यदि पेड़ों को बचाना है तो इसके लिए कई उपायों को अपनाना बहुत जरूरी है। इन उपायों में वैज्ञानिक तरीके से छंटाई, वृक्षों के आस-पास से कंक्रीट को हटाने व कीटनाशकों का छिड़काव बहुत जरूरी है। यदि समय-समय पर हर पेड़ का प्रबंधन सही समय से होता रहे तो इस तरह की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पेड़ ऊपर से जितना घना होगा, वह आंधी-तूफान नहीं झेल पाएगा। क्योंकि, दिल्ली के शहरी इलाकों में कुछ जगहों पर पेड़ों की जड़ें अधिक गहराई तक नहीं हैं, वहीं, ऊपरी हिस्से में पेड़ों की ऊंचाई काफी है। ऐसे में तेज रफ्तार से हवाएं चलने पर पेड़ या तो जड़ समेत उखड़ जाते हैं या फिर टूट जाते हैं।

प्रोफेसर के मुताबिक, वैज्ञानिक तरीके से छंटाई के दौरान यह पता होना चाहिए कि किस पेड़ की कौन से डाली को हटाने की जरूरत है। इसके लिए सही प्रबंधन की आवश्यकता है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी NEWSPAPERS------DATED 02-06-2022

# दिल्ली के नए उपराज्यपाल से मिला आप विधायकों का प्रतिनिधिमंडल

## दिल्ली में संवैधानिक शक्तियों के विभाजन में हस्तक्षेप न करने की अपील...

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के नए उपराज्यपाल से आप विधायकों का प्रतिनिधिमंडल मिला। दिल्ली में संवैधानिक शक्तियों के विभाजन में हस्तक्षेप न करने की अपील की। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि एलजी से दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ उनकी बैठक के संदर्भ में अपील की कि दिल्ली में जिम्मेदारियों के बंटवारे के मामले में सुप्रीम कोर्ट और संविधान ने कुछ सीमाओं का निर्धारण किया है। उन्होंने कहा कि एलजी को एमसीडी, डीडीए और दिल्ली पुलिस की कमियों से अवगत कराया। केंद्र की एजेंसियों के कारण दिल्ली कानून-व्यवस्था और कचरा प्रबंधन संकट का सामना कर रही है। एलजी ने हमें एमसीडी, डीडीए और दिल्ली पुलिस महकमे में सुधार लाने का आश्वासन दिया। विधायक संजीव झा ने कहा कि दिल्ली के प्रशासन में नए होने के नाते, एलजी ने पूरी व्यवस्था समझने की इच्छा व्यक्त की।

आम आदमी पार्टी के विधायक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को दिल्ली के नवनियुक्त उप राज्यपाल से मुलाकात की। विधायक दिलीप पांडे ने इस संबंध में बताया कि करीब 10 विधानसभाओं के विधायक साथी




सुबह करीब 11 बजे नवनियुक्त उपराज्यपाल से मिलने के लिए गए थे। उनको नए दायित्व के लिए बधाई देने के लिए गए थे। इस दौरान दिल्ली के हक और जनता के हित को लेकर कई बातें हुईं। इस दौरान हमने दिल्ली की जनता का पक्ष उनके सामने रखा। विधायकों ने उपराज्यपाल से कहा कि दिल्ली के अंदर एक चुनी हुई सरकार है, जिसके मुखिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। दिल्ली के अंदर डीडीए, एमसीडी और लॉ एंड ऑर्डर है। दिल्ली की सरकार तो अपना काम कर रही है और दिल्ली की जनता के प्रति जवाबदेह है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा नियंत्रित एमसीडी, डीडीए और दिल्ली पुलिसने निराश किया है। दिल्ली के अंदर 70 विधानसभा हैं। आप किसी में भी चले जाइए, एमसीडी की गलियां-सड़कें गड्ढों से भरी हुई हैं। सड़कों गलियों में जगह-जगह कूड़ा पड़ा हुआ है। डीडीए भ्रष्टाचार की वजह से अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में 100 फीसदी फेल रही है। आप दिल्ली जल बोर्ड की बैठक ले रहे हैं। विधायकों की आम सहमति थी कि आपको दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारीयों के साथ आप बैठक करें और दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष या अध्यक्ष भी बैठक करें।

दैनिक भास्कर

### एलजी पर संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ने आरोप

# अफसरों को आप आदेश देंगे तो सरकार क्या करेगी : आतिशी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। आप विधायक आतिशी ने प्रेस वार्ता कर कहा, संविधान में स्पष्ट लिखा है कि जमीन, कानून-व्यवस्था और पुलिस के साथ अब एमसीडी भी केंद्र के नुमाइंदे एलजी के अधिकार क्षेत्र में आता है, जबकि बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य व राजस्व जैसे मुद्दे दिल्ली की चुनी हुई सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और इस पर सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने भी मुहर लगाई है।

अगर दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले विभागों को आप कुछ आदेश देंगे और फिर दिल्ली सरकार कुछ और आदेश देगी, तो अफसर किसके आदेश का पालन करेगा? अगर दिल्ली के संवैधानिक व्यवस्था को बिगाड़ा जाता है, तो पूरी दिल्ली में गवर्नमेंट चलनी बंद हो जाएगी और इसका नुकसान सिर्फ दिल्ली के निवासियों को होगा।

## एलजी ने व्यवस्था समझने की इच्छा जताई : झा

**नई दिल्ली** | दिल्ली के नए उपराज्यपाल से आप विधायकों का प्रतिनिधिमंडल मिला। दिल्ली में संवैधानिक शक्तियों के विभाजन में हस्तक्षेप न करने की अपील की। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि एलजी से दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ उनकी बैठक के संदर्भ में अपील की कि दिल्ली में जिम्मेदारियों के बंटवारे के मामले में सुप्रीम कोर्ट और संविधान ने कुछ सीमाओं का निर्धारण किया है। उन्होंने कहा कि एलजी को एमसीडी, डीडीए और दिल्ली पुलिस की कमियों से अवगत कराया। केंद्र की एजेंसियों के कारण दिल्ली कानून-व्यवस्था और कचरा प्रबंधन संकट का सामना कर रही है। एलजी ने हमें एमसीडी, डीडीए और दिल्ली पुलिस महकमे में सुधार लाने का आश्वासन दिया। विधायक संजीव झा ने कहा कि दिल्ली के प्रशासन में नए होने के नाते, एलजी ने पूरी व्यवस्था समझने की इच्छा व्यक्त की।